तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 6 जून 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 पीईकेबी व पीसीबी में पर्यावरण संरक्षण एवं आजीविका संवर्धन की पहल



## खबर संक्षेप

### पारंपरिक शिल्प एवं कला प्रशिक्षण शिविर 8 से

**अम्बिकापुर।** संस्कृति विभाग द्वारा पारंपरिक शिल्प कलाओं के संरक्षण, प्रचार-प्रसार, जागरूकता तथा रूचि जागृत करने के उद्देश्य से आकार-2026 पारंपरिक शिल्प एवं विविध कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 8 जून से 14 जून तक सुबह 8 बजे से 11 बजे तक एवं लखनपुर में सायं 5 बजे से 8 बजे तक किया जाएगा। इसका पंजीयन 6 जून से सुबह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उदयपुर एवं सायं पीएमश्र स्कूल लखनपुर में किया जाएगा। नृत्य, नाटक, वाद्ययंत्र, चित्रकला, क्ले-आर्ट, म्यूरल आर्ट, हस्त कढ़ाई, ड्राई-क्लावर, कोरसिया, रजवार भित्ती चित्र, मेहन्दी, मृदाशिल्प, गोदना, बांस(कुल-14विधा) आदि विधाओं में ख्याति प्राप्त पारंगत कला विधा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पंजीयन शुल्क 100 रूपए तथा दिव्यांग एवं अनाथ बच्चों को प्रशिक्षण शुल्क में छूट दी जाएगी।

### नशे में वाहन चलाने वाले तीन पर 30 हजार का अर्थदण्ड

**अम्बिकापुर।** डीआईजी एवं एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देशन में सरगुजा पुलिस लगातार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत शराब पीकर वाहन चलाने के साथ ही यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शराब के नशे में चारपहिया, दो पहिया वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कार्रवाई की। यातायात पुलिस ने स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईएल 1640 के चालक बतौली निवासी जयप्रकाश पिता चमर साईं, स्कूटी क्रमांक सीजी29 एजी 7637 के चालक भटगांव निवासी कार्तिक सिंह पिता वंश रूप (21वर्ष) मोटर साइकिल चालक मैनपाट निवासी पारस कुजूर पिता सनेश कुजूर के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की। पुलिस ने वाहन चालकों का डॉक्टरी मुलाहिला कराया तथा शराब के नशे में वाहन चलाने की पुष्टि होने पर तीनों दोपहिया वाहनों को जब्त कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत चालकों को 10-10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### म्यूल अकाउंट संचालित करने वाले 3 गिरफ्तार, गए जेल

**अम्बिकापुर।** पैसे देने का लालच देकर युवकों के नाम नया सिम खरीदने एवं बैंक खाता एटीएम जारी करा छलपूर्वक बड़ी रकम का लेन-देन करने के मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है। गांधीनगर पुलिस ने राहुल गुप्ता आ.राजेश गुप्ता द्वारा गांधीनगर क्षेत्र में युवकों को आर्थिक लाभ देकर उनके नाम से सिम खरीदवाने एवं बैंक में खाता खुलवाने एवं चेकबुक के माध्यम से बड़ी रकम के लेनदेन करने के मामले में पुलिस आरोपी को बीएनएस की धारा 318(4), 317(4) एवं 62(2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। मामले में पुलिस ने आरोपी राहुल गुप्ता के अतिरिक्त 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने राहुल गुप्ता के कब्जे से डिगमा निवासी नीरज गुप्ता पिता राजेश गुप्ता के नाम का एसबीआई, सेंट्रल बैंक एवं युको बैंक का पासबुक जब्त किया था जिसमें बड़ी राशि का लेनदेन एवं सायबर ठगी करने के साक्ष्य मिले थे। पूछताछ में आरोपी ने खाताधारक नीरज किर्तनिया को प्रति खाता 3 हजार रूपए देने एवं अपने भाई पंकज का एक बैंक खाता भी बेचने की जानकारी दी थी। म्यूल अकाउंट के एक-दूसरे मामले में कोतवाली पुलिस ने नमनाकला निवासी सूरज कुमार पिता राजू कश्यप को बीएनएस की धारा 318,317 एवं 3(5) के तहत गिरफ्तार किया है। आरोपी के बैंक ऑफ महाराष्ट्र में संचालित दो खातों के माध्यम से विभिन्न राज्यों में ऑनलाइन माध्यम से 204200 रूपए जमा मिला है। जांच के दौरान पुलिस को नमनाकला निवासी आरोपी सूरज कुमार पिता राजू कश्यप को बीएनएस की धारा 318,317 एवं 3(5) के तहत गिरफ्तार किया है। आरोपी के दो खातों में ऑनलाइन माध्यम से 204200 रूपए जमा मिला है।

# मैनपाट में पीलिया से मौतों के बाद हड़कंप, विभाग ने कहा- करा रहे कारणों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ गांव में चलाया गया डोर टू डोर सर्वे, लिया गया पानी का सैम्पल

विकासखंड मैनपाट में पीलिया से ग्रामीणों की मौत होने का मामला सामने आया है। क्षेत्र के अलग अलग हिस्सों में पीलिया से चार मौतें होने की बात कही जा रही है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने अब तक सिर्फ तीन मौतों की पुष्टि की है इसके साथ ही पीलिया से मौतों को लेकर विभाग की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी सामने आने के बाद एहतियातन प्रभावित क्षेत्रों में डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है जबकि 4 स्थानों से पानी का सैंपल लिया गया है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के कुनिया, नर्मदापुर और बरिमा क्षेत्र में पीलिया से लोग ग्रसित हुए थे। पीलिया से ग्रसित लोगों का उपचार चल रहा था जिसमें से दो लोगों को गंभीर हालत में रायपुर रेफर किया गया था जहां उनकी मौत हो गई जबकि एक की मौत दरिमा में हुई। इधर पीलिया से मौतों की जानकारी मिलने के बाद जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को सीएमएचओ डॉ. प्रेम सिंह मार्को व स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रभावित क्षेत्र पहुंची थी। इस दौरान अधिकारियों ने मृतकों के परिजन से मिलकर घटना की जानकारी लेने के साथ ही डोर टू डोर सर्वे अभियान चलाया। फिलहाल टीम द्वारा 21 से अधिक घरों से लोगों के सैम्पल लिए गए है साथ ही टीम ने चार स्थानों से हैंडपंप, कुंआ व अन्य जल स्त्रोत का सैंपल लिया हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि पीलिया से मौत किसी एक स्थान पर नहीं हुई है साथ ही मृतकों के परिवार में भी कोई गंभीर मरीज नहीं मिला है। दरिमा में एक बच्ची की पीलिया रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। फिर भी एहतियातन सर्वे जारी है और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।



### इनकी मौत की बात आ रही सामने

वर्तमान में पीलिया से जिनकी मौत की बात सामने आ रही है उनमें ग्राम कुनिया निवासी 32 वर्षीय जितेंद्र यादव आ. कमुन्दर यादव, बरिमा निवासी 16 वर्षीय विकाश यादव आ. सत्य प्रकाश यादव, 45 वर्षीया भगवती यादव पति राधे श्याम यादव शामिल है। इसके साथ ही ग्राम केसरा में एक बच्ची की मौत होने की बात कही जा रही है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने उनकी मौत पीलिया से होने की पुष्टि नहीं की है।

### चल रहा सर्वे

जानकारी मिलने के बाद मैंने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया है। अब तक तीन मौतों की जानकारी मिली है लेकिन मौत का कारण पीलिया है इसकी पुष्टि नहीं हुई है। जांच चल रही है। एहतियातन गांव में डोर टू डोर सर्वे चल रहा है। इसके साथ ही चार स्थानों से हैंड पम्प, कुंआ का सैम्पल लिया गया है। दरिमा में एक बच्ची पीलिया ग्रसित मिली है। मौत के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है।

-डॉ. प्रेम सिंह मार्को
सीएमएचओ

## विभाग ने शुरू की पौधरोपण की तैयारियां

# सरगुजा वनवृत्त के विभिन्न क्षेत्रों में रोपे जाएंगे 24 लाख से अधिक पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

■ हरियाली बढ़ाने विभाग उपलब्ध कराएगा नि:शुल्क पौधे

वन विभाग द्वारा सरगुजा वनवृत्त अंतर्गत विभिन्न वन मण्डलों में वर्षाकाल के दौरान 24 लाख से अधिक पौधों का रोपण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभाग ने पौधरोपण की तैयारियां भी प्रारंभ कर दी है तथा प्रस्तावित वनक्षेत्र में तेजी से गड्ढे तैयार किए जा रहे हैं।

वन विभाग द्वारा जंगलों की हरियाली बढ़ाने हर साल लाखों पौधे रोपित किया जा रहे हैं लेकिन वनों का घनत्व लगातार कम हो रहा है। विभाग हर साल पौधरोपण तो करा रहा है लेकिन अवैध कटाई को रोकने में वन अमला सफल नहीं हो रहा है। विभाग जितने पौधों का रोपण करता है उससे अधिक पेड़ हर साल कट जा रहे हैं। अवैध कटाई को बड़ी संख्या में लोगों ने अपने रोजगार का साधन बना लिया है। अवैध कटाई के विरूद्ध कार्रवाई भी हो रही है लेकिन इसे पर्याप्त नहीं कहा जा सकता है। हालत यह है कि सड़क के दोनों ओर के वनों में पेड़ों का घनत्व ठीक दिखता है लेकिन भीतर के हिस्सों में लगातार अवैध कटाई होने के कारण घनत्व लगातार कम होते जा रहा है। ऐसा भी नहीं है कि किसी क्षेत्र विशेष को अवैध कटाई के लिए चिन्हित किया गया हो। सरगुजा के हर जंगल में लकड़ी तस्करों की सक्रियता बढ़ते जा रही है। संभाग मुख्यालय में घनी आबादी एवं मुख्य मार्ग से सटे जंगल भी सुरक्षित नहीं हैं तथा महामाया पहाड़ी के सागौन जंगल में लगातार हो रही अवैध कटाई इसका बड़ा उदाहरण है। वनक्षेत्र के साथ ही आबादी क्षेत्र एवं शासकीय परिसरों की हरियाली बढ़ाने के लिए विभाग हर साल विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं एवं ग्रामीणों को पौधरोपण के लिए प्रेरित कर रहा है साथ ही निःशुल्क पौधे भी उपलब्ध करा रहा है। वन अधिकारियों की प्रेरणा से लोग लगातार पौधरोपण भी कर रहे हैं लेकिन सुरक्षा की पहल नहीं होने से अधिकांश पौधे नष्ट हो जा रहे हैं। हालांकि अब युवा पीढ़ी हरियाली का महत्व समझ रही है तथा इसके लिए लगातार कुछ पहल भी कर रही है जो भविष्य के लिए अच्छा संकेत है।



### सरगुजा में बांटे जाएंगे 4 लाख पौधे

वन विभाग द्वारा इस साल वर्षा काल में सरगुजा वनमण्डल के विभिन्न परिक्षेत्रों में 1 लाख 3000 पौधे वितरित करने की स्वीकृति प्रदान की है। विभागीय मद से 103000 जबकि मनरेगा के तहत 3 लाख पौधे वितरित किया जाएंगे। इस साल विभाग द्वारा कहीं भी कैंपा मद से पौधों के वितरण की स्वीकृति नहीं दी गई है। सरगुजा वनवृत्त के वनमण्डल बलरामपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़ एवं जशपुर में विभागीय मद से पौधे वितरण करने की स्वीकृति नहीं दी गई है जबकि सूरजपुर, कोरिया एवं जशपुर वनमण्डल में किसी भी मद से पौधे वितरण की स्वीकृति प्रदान की गई है। सभी वन मण्डलों को विभिन्न मदों से 24 लाख 94 हजार 858 पौधों के निःशुल्क वितरण की स्वीकृति दी गई है। विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पूरे वनवृत्त में 24 लाख 89 हजार 635 पौधों का रोपण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### हर साल होती है समीक्षा

विभाग द्वारा वनभूमि में रोपे गए पौधों की सुरक्षा के लिए अलग-अलग मापदण्ड निर्धारित किया गया है। विभाग द्वारा दो साल में 15 फीसदी पौधों के सूखने का अनुमान लगाया है तथा संबंधित क्षेत्र के वन अमले को रोपित पौधों को पांच साल तक सुरक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके विपरीत कैंपा मद से रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए 10 साल की अवधि निर्धारित की गई है। अवैध चराई एवं कटाई से पौधे क्षतिग्रस्त होते हैं। प्रारंभिक वर्षों में अंतर वनमण्डल एवं वनवृत्त स्तर पर पौधरोपण की समीक्षा की जाती है जबकि राज्य स्तर पर विभाग 5 सालों में इसकी समीक्षा करता है तथा निर्धारित संख्या से अधिक पौधों के सूखने पर संबंधितों से राशि की भी वसूली करता है। पौधरोपण के लिए विभाग ने अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की है।

### चल रही तैयारियां

विभाग द्वारा विभिन्न शासकीय रोपणियों में विभिन्न प्रजाति के पर्याप्त मात्रा में पौधे तैयार किए गए हैं। वन क्षेत्रों में प्लांटेशन की तैयारियां भी चल रही है।

-**अभिषेक जोगावत**, डीएफओ, सरगुजा

# तीन तलाक व दहेज के मुद्दे पर ससुराल पक्ष पर पुलिस ने की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में दहेज व तीन तलाक का मामला सामने आया है। शहर की ही निवासी सहाना बानो की शिकायत पर पुलिस ने उनके ससुराल पक्ष के विरूद्ध दहेज प्रताड़ना, मारपीट व तीन तलाक के मुद्दे पर एफआईआर दर्ज किया है।

पुलिस सुत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सहाना बानो ने महिला थाना अम्बिकापुर में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि उसके विवाह के कुछ माह बाद से ही सदर रोड जयस्तंभ चौक सरगुजा साइकिल के पास निवासी उनके पति शोएब खान तथा ससुराल पक्ष के सदस्य सायरा खान, अमन खान, शमा अंजुम एवं हुमेरा अंजुम द्वारा लगातार दहेज की मांग करते हुए मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। पीड़िता के अनुसार विवाह के समय उसके परिवार द्वारा अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज एवं नगद राशि प्रदान की गई थी, इसके बावजूद अतिरिक्त 5 लाख रूपये की मांग की जाती रही। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसे मारपीट, गाली-गलौज एवं धमकियों का सामना करना पड़ा तथा बाद में उसे ससुराल से निकाल दिया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि उनके पति ने कई बार तलाक कहकर वैवाहिक संबंध समाप्त करने की बात कही गई, जिससे उसका वैवाहिक जीवन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ।

महिला थाना द्वारा मामले की जांच उपरांत आरोपियों सोएब खान और उसके परिजन सायरा खान, अमन खान, शमा अंजुम एवं हुमेरा अंजुम के विरूद्ध बीएनएस की धारा 85, 296, 351(3), 115(2) एवं धारा 3(5) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। सहाना बानो ने कहा कि उन्होंने एवं उनके मायके पक्ष वालों ने लंबे समय तक पारिवारिक एवं सामाजिक स्तर पर समझौते का प्रयास किया, लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकल सका।

अंततः न्याय प्राप्त करने के लिए उन्हें कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेना पड़ा।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 8 जून को

**बलरामपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 8 जून को समय-सीमा की बैठक पश्चात आयोजित की गई है। कलेक्टर ने समिति के सदस्यों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# लग्जरी बस से गांजा तस्करी मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ विश्रामपुर

■ चालक समेत आधा दर्जन महिलाओं को सूरजपुर कोर्ट में किया गया पेश

एनएच-43 पर सिलफिली के पास पकड़े गए करीब 8 क्विंटल 60 किलो गांजा तस्करी मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किए गए छह महिला आरोपियों एवं एक बस चालक को शुक्रवार को सूरजपुर न्यायालय में पेश किया,पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(ii)(सी) एवं 29 के तहत मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को नीलम कंपनी की लग्जरी सवारी बस क्रमांक सीजी 15 ईएच 4301 में गांजे को कपड़ों की गठरियों में छिपाकर तथा ऊपर बड़ी संख्या में झाड़ू रखकर कटनी ले जाया जा रहा था। बस में सवार संदिग्ध महिला-पुरुषों की गतिविधियों पर अंबिकापुर और सिलफिली के कुछ युवकों को संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने बस का पीछा करते हुए डायल-112 को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस सक्रिय हुई और एनएच-43 पर बस का पीछा किया गया। इसी दौरान बस रुकते ही कई संदिग्ध मौके से फरार हो गए। बताया जाता है कि बस में 20 से 22 लोग सवार थे। बस चालक भी वाहन छोड़कर भाग निकला, हालांकि बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बस में मौजूद छह महिलाओं को, जो अपने साथ छोटे बच्चों को भी लिए हुए थीं, स्थानीय युवकों और डायल-112 की टीम की मदद से सिलफिली स्थित दसवीं बटालियन परिसर लाया गया, जहां पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों में मध्यप्रदेश के कटनी और पन्ना जिलों की निवासी महिलाएं शामिल हैं। इनमें गोल झरनी (22), उनर बाई (22), रुजीना (25), अटरिया (32), अंट बाई (47) और पेहरी बाई (18) शामिल हैं। वहीं बस चालक छोटन राम, निवासी इटखोरी, जिला चतरा (झारखंड) को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच में अंतरराज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क के तार बंजारा समुदाय के कुछ लोगों से जुड़े होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि झाड़ू बिक्री की आड़ में लंबे समय से गांजा तस्करी का कारोबार संचालित किया जा रहा था। उड़ीसा से कम कीमत पर गांजा लाकर मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में ऊंचे दामों पर इसकी बिक्री की जाती थी।

### साहसी युवकों को पुरस्कृत करने की मांग

मामले के खुलासे में स्थानीय युवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके द्वारा दिखाई गई सतर्कता और साहस के कारण बड़ी मात्रा में गांजा पकड़ा जा सका। क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने सरगुजा रेंज के आईजी और सूरजपुर पुलिस अधीक्षक से इन युवकों को सम्मानित एवं पुरस्कृत करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि संभाग में संभवतः पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में गांजा जब्त किया गया है और इसमें स्थानीय युवकों की सक्रिय भूमिका सराहनीय है। पूरी कार्रवाई में जयनगर, लटोरी तथा अन्य पुलिस टीमों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। पुलिस अब फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी एकत्र कर रही है।साथ ही मौके से फरार दर्जन भर से अधिक आरोपियों के धरपकड़ के लिए पुलिस अभियान चला रही है।

### पुलिस को चकमा देकर फरार हुई महिला गिरफ्तार

बताया जाता है कि गांजा प्रकरण में पकड़ाई आधा दर्जन महिलाओं को जब स्वास्थ्य परीक्षण के लिए अस्पताल ले गई इसी दौरान एक महिला आरोपी पुलिस को चकमा देकर भाग निकली,जिसके बाद हड़कंप मच गया।पुलिस कर्मी उसे ढूंढने सर्च अभियान चलाया बस स्टैंड सहित रेलवे स्टेशन में बसों की अंबिकापुर दुर्ग ट्रेन की जांच की गई,लगातार सर्चिंग और दबिश के बाद महिला को देर रात बस स्टैंड से फिर से दबोच लिया गया जिसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

## सम्मान...




**अम्बिकापुर।** शहर की मेधावी छात्रा डॉक्टर संस्कृति तिवारी ने नेत्र रोग विशेषज्ञ की स्नातकोत्तर परिक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया वे संजीव तिवारी एवं सुमेधा तिवारी की पुत्री हैं। उन्हें राज्यपाल रमन डेका व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सम्मानित किया।

# दलित परिवार का दर्द प्रशासन के लिए चुनौती पीड़ित परिवार ने दी आत्मदाह की चेतावनी



■ 50 साल से काबिज जमीन पर दबंगों का कब्जे का खेल

**प्रतापपुर।** विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत दाढ़करवा में एक दलित परिवार द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गांव के दबंगों की कथित प्रताड़ना और वर्षों से काबिज भूमि पर जबरन तालाब निर्माण कराए जाने से परेशान परिवार ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। परिवार का आरोप है कि यदि निष्पक्ष जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो वे कलेक्टर कार्यालय के सामने सपरिवार पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने को मजबूर होंगे।

कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया गया है कि हरिजन समाज के लगभग 15 परिवार पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से उक्त भूमि पर खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। आरोप है कि गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों की व्यक्तिगत दुश्मनी और दबाव के चलते उनकी काबिज भूमि पर जबरन तालाब निर्माण कराया जा रहा है। जबकि उसी स्थान के समीप पहले से ही एक शासकीय तालाब मौजूद है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि गांव में जल संरक्षण की आवश्यकता है तो अन्य उपयुक्त स्थानों पर तालाब बनाया जा सकता है, लेकिन पहले से मौजूद तालाब के बगल में दूसरा तालाब बनवाना न केवल सरकारी धन की बर्बादी है बल्कि गरीब परिवारों को उजाड़ने की साजिश भी प्रतीत होती है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उन्होंने पूर्व में कई बार प्रशासन और कलेक्टर कार्यालय में शिकायत की, लेकिन आज तक न तो कोई प्रभावी जांच हुई और न ही दोषियों पर कार्रवाई। ज्ञापन में दलित परिवार ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे कलेक्टर कार्यालय के सामने सपरिवार आत्मदाह करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में सुनीता पात्रे, शिवराम पात्रे, सुरेंद्र पात्रे सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन आवेदन की नई व्यवस्था लागू

**मनेन्द्रगढ़।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग नया रायपुर द्वारा नवीन राशन कार्ड जारी करने, राशन कार्ड में सदस्य जोड़ने तथा सदस्य विलोपित करने संबंधी आवेदनों को अब सेवा-सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त करने की व्यवस्था लागू कर दी गई है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार नागरिक अब सेवा-सेतु पोर्टल के माध्यम से राशन कार्ड संबंधी आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकेंगे।

### सर्पदंश से महिला अचेत जिला अस्पताल रेफर

**सोनहत।** विकासखंड सोनहत के ग्राम किशोरी टिपका में शुक्रवार की सुबह सर्पदंश की घटना में एक महिला अचेत हो गई। जानकारी के अनुसार कदम कुंवर उम्र 55 वर्ष पति अमर सिंह गोंड सुबह करीब 6 बजे महुआ के पेड़ के नीचे डोरी महुआ बीनने के दौरान बैठी हुई थीं। इसी दौरान महिला को सांप ने काट लिया, जिससे वे मौके पर ही अचेत हो गईं। घटना के संबंध में परिजन राधा बाई ने बताया कि महिला महुआ बीनने गई थीं। सर्पदंश के बाद तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। एंबुलेंस की सहायता से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल उनका उपचार जारी है। ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रही सर्पदंश की घटनाओं को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने तथा खेत-खलिहान एवं जंगल क्षेत्रों में जाते समय सतर्क रहने की अपील की गई है।

### विश्व साइकिल दिवस पर कल निकलेगी साइकिल रैली

**बैकुण्ठपुर।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरिया द्वारा 7 जून को अभियान के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छग के निर्देश तथा जिला प्रशासन कोरिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। रैली का शुभारंभ सुबह 7 बजे कुमार चौक बैकुंठपुर से होगा, जो रामानुज मिनी स्टेडियम, बैकुंठपुर तक जाएगी। आयोजन का उद्देश्य फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता तथा नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति लोगों को प्रेरित करना है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा साइकिल को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश भी दिया जाएगा। आयोजन में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों एवं समूहों के लिए पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ने और फिट एवं स्वस्थ भारत के संकल्प को मजबूत बनाने की अपील की है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने जिले के नागरिकों से इस जन-जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया है।

### पर्यावरण बचाने जिम्मेदारी समाज के प्रत्येक व्यक्ति की

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रेमाबाग मंदिर परिसर में वृहद स्तर पर फलदार पौधरोपण किया। जिले के सभी मंडलों पर भाजपा कार्यकर्ता वृहद स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और लोगों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारियों को बढ़ाना है। पौधरोपण के दौरान पर्यावरण के लिए उपयोगी आम, ऑवला, जामुन जैसे छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केबी जायसवाल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर कहा कि पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान माताओं के सम्मान का प्रतीक है।

## 14.52 हेक्टेयर में 36,315 पौधों का रोपण

# पीईकेबी व पीसीबी में पर्यावरण संरक्षण एवं आजीविका संवर्धन की पहल

**अंबिकापुर।** खनन उपरांत भूमि पुनर्स्थापन और हरित आवरण विकास की दिशा में पीईकेबी (परसा ईस्ट एवं केते बासेन) तथा पीसीबी (परसा कोल ब्लॉक) परियोजनाओं द्वारा निरंतर किए जा रहे प्रयासों के तहत अब तक 18 लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है। कोयला निकाली जा चुकी (रेक्लैम्ड) भूमि पर चरणबद्ध रूप से विकसित किए गए इन हरित क्षेत्रों ने क्षेत्र में एक संगठित मानवनिर्मित वन का स्वरूप लेना शुरू कर दिया है।

- रेक्लैम्ड भूमि पर विकसित हो रहा मानवनिर्मित हरित क्षेत्र

इसी क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले के उदयपुर ब्लॉक में स्थित राजस्थान राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) की पीईकेबी एवं पीसीबी परियोजनाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास को केंद्र में रखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण, पर्यावरण जागरूकता और ग्रामीण आजीविका से जुड़ी सीएसआर गतिविधियों को एक साथ जोड़ा गया। इस अभियान के अंतर्गत पीईकेबी परियोजना क्षेत्र स्थित हरिहरपुर डंप के समीप 12.48 हेक्टेयर भूमि पर 31,215 पौधों का रोपण किया गया। इसके साथ ही, पीसीबी परियोजना क्षेत्र में 2.04 हेक्टेयर में 5,100 पौधों का रोपण किया गया। इस प्रकार, दोनों परियोजनाओं को मिलाकर 14.52 हेक्टेयर क्षेत्र में कुल 36,315 पौधे लगाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में पर्यावरणीय प्रयासों के विस्तार को दर्शाता है। वर्ष 2025 में दोनों परियोजनाओं में कुल 27,220 पौधों का रोपण किया गया था। पीईकेबी एवं पीसीबी परिसरों में



पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पैदल मार्च का आयोजन किया गया। इस दौरान, परियोजना प्रबंधन, अधिकारी, कर्मचारी एवं सहयोगी एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम का आयोजन परियोजना एवं क्लस्टर प्रबंधन के मार्गदर्शन में किया गया। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अदाणी समूह की सीएसआर पहल के अंतर्गत परसा गांव में 100 अमरूद के पौधों से एक फलदार गार्डन का निर्माण किया गया है। इसमें वीएनआर वी1 किस्म के अमरूद के पौधे लगाए गए हैं, जो रोपण के लगभग छह महीने के भीतर फल देने योग्य हो जाते हैं। इस पहल से स्थानीय ग्रामीणों को अतिरिक्त आय के अवसर मिलने की संभावना है। इस अवसर पर परसा



गांव के सरपंच, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, महिला स्वसहायता समूहों के सदस्य तथा ग्रामीण उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल को ग्रामीण आजीविका के लिए उपयोगी बताते हुए इसके संरक्षण और देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में परियोजना की ओर से क्लस्टर प्रमुख सहित पर्यावरण एवं सीएसआर विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 5 हजार फलदार पौधों का वितरण

सीएसआर टीम के समन्वय से 3 एवं 4 जून को आसपास के गांवों में 5 हजार फलदार पौधों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करना, पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ना रहा। पूरे अभियान की योजना स्थानीय जलवायु और भूमि की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई। पौध प्रजातियों का चयन दीर्घकालिक स्थायित्व और क्षेत्रीय उपयुक्तता के आधार पर किया गया। इस आयोजन में परियोजना, पर्यावरण, सीएसआर, उद्यानिकी, खनन एवं प्रशासनिक विभागों का समन्वित सहयोग रहा। परियोजना प्रबंधन ने इस अवसर पर कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी विभागों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीण समुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पर्यावरण बचाने जिम्मेदारी समाज के प्रत्येक व्यक्ति की

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रेमाबाग मंदिर परिसर में वृहद स्तर पर फलदार पौधरोपण किया। जिले के सभी मंडलों पर भाजपा कार्यकर्ता वृहद स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और लोगों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारियों को बढ़ाना है। पौधरोपण के दौरान पर्यावरण के लिए उपयोगी आम, ऑवला, जामुन जैसे छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केबी जायसवाल ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर कहा कि पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान माताओं के सम्मान का प्रतीक है, जबकि एक पेड़ धरती के नाम धरती मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का प्रयास है, उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में पौधरोपण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गया है। जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने कहा कि बदलते पर्यावरण और बढ़ते तापमान को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केबी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष बसंत राय, रविशंकर राजवाड़े, अनिल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, आदि शामिल रहे। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलराज रवि, मंडल महामंत्री रमन गुप्ता, रवि त्रिपाठी, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री अहिल्या राजवाड़े, व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक महेन्द्र वैद्य, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक सुनी सिंह, शिक्षा प्रकोष्ठ जिला संयोजक गोकरण शुक्ला, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला संयोजक रोशन राजवाड़े, महिला मोर्चा जिला महामंत्री पुष्पा राजवाड़े युवा मोर्चा जिला महामंत्री साक्षी सिंह, मनोज साहू, बिजेन्द्र जायसवाल, मनोज गुप्ता, सुभाष साहू, सुरेन्द्र चक्रधारी, संदीप साहू, रेखा वर्मा, उर्मिला सिंह, गीता साहू, शिल्पा शर्मा, अनिता गुप्ता, रंजीत सिंह विष्ट, मनोज राजवाड़े, निक्की राजवाड़े, शाहिद असरफी, विशाल गुप्ता, छोटू सिंह, नरेन्द्र गौतम सहित काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव का माध्यम बनीं पूनम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एक महिला को उचित अवसर, आवश्यकतानुसार सहयोग और सही कार्य दिशा मिले, तो वह ना केवल अपनी आय बढ़ा सकती है बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन जाती है।

कोरिया जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी श्रीमती पूनम ठाकुर ने इसी तर्ज पर पूरे गांव में स्वास्थ्य के प्रति सजगता की अलग जगाने का काम किया है। कोरिया जिले के बैकुंठपुर जनपद



अंतर्गत ग्राम कुड़ेली की रहने वाली पूनम ठाकुर अब एक स्वावलंबी महिला के साथ ही साथ पूरे ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य की सजग प्रहरी के तौर पर अपनी पहचान रखती हैं। इनके सजग प्रयास से गांव की 46 से ज्यादा गर्भवती महिलाओं को सुपोषण की श्रेणी में लाकर सुरक्षित प्रसव कराए गए। यह बेहद महत्वपूर्ण काम उन्होंने पूरी कर्मठता से करते हुए यह साबित किया है कि सजग महिला पूरे समाज की तस्वीर बदल सकती है। ग्राम पंचायत कुड़ेली में रहने वाली एक पारिवारिक महिला पूनम ठाकुर ने आराध्या महिला स्व सहायता समूह से जुड़कर अपना नया अध्याय आरंभ किया। यह सीएलएफ नारी शक्ति महिला क्लस्टर बुड़ार के अंतर्गत आता है।

# दोपहर बाद तेज आंधी-बारिश से मौसम सुहाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह से तेज धूप और उमस का असर बना रहा, लेकिन दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ले ली। करीब 3 बजे आसमान में घने बादल छाने लगे और शाम लगभग 4 बजे से तेज हवा व आंधी के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई। हल्की बारिश रूक-रुक कर काफी देर तक होती रही, जिससे पूरे क्षेत्र के मौसम में ठंडक घुल गई और लोगों को दिनभर की भीषण गर्मी से राहत मिली।

बारिश और ठंडी हवाओं के कारण वातावरण सुहावना हो गया। आमजन जहां गर्मी से राहत महसूस करते नजर आए, वहीं किसानों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई दी। किसानों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से रूक-रूककर हो रही बारिश से खरीफ सीजन नजदीक होने का संकेत मिल रहा है, इसके चलते वे खेती-किसानी की तैयारियों में जुट गए हैं।



### खाद-बीज लेने सहकारी समितियों में पहुंच रहे किसान

मुख्यालय स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति से मिली जानकारी के अनुसार आगामी खरीफ फसल की तैयारी को लेकर किसान काफी संख्या में खाद एवं बीज का उठाव करने पहुंच रहे हैं। किसानों का कहना है कि समय रहते खाद-बीज का भंडारण कर लेना बेहतर रहता है, क्योंकि बारिश शुरू होने के बाद अक्सर खाद की कमी होने लगती है तथा परिवहन में भी परेशानी आती है। किसानों ने बताया कि बारिश के दौरान खाद को घर तक पहुंचाना कठिन हो जाता है, इसलिए वे पहले से ही खाद एवं बीज का उठाव कर सुरक्षित रखने में जुटे हुए हैं। सहकारी समिति में भी किसानों की बढ़ती आवाजाही देखी जा रही है और कृषि कार्यों की तैयारियां तेज हो गई हैं।

# कोतवाली के सामने चोरों का धावा, पार किया नकदी व सामान, अपराध दर्ज

**सूरजपुर।** नगर के सबसे संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण क्षेत्र में घटित लगातार आपराधिक घटनाओं ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था एवं रात्रिकालीन पुलिस के गश्त पर सवाल खड़ा कर दिया है।

29-30 मई की रात्रि वकील कॉलोनी वार्ड क्रमांक 8 स्थित अधिवक्ता अधिवक्ता पुनीत गुप्ता एवं अधिवक्ता सुमित गुप्ता के कार्यालय में अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर लगभग 1.15 लाख नकद सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया। मामले में पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। यह कार्यालय नगर कोतवाली के ठीक सामने तथा जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के समीप स्थित है। यह क्षेत्र जिले का सर्वाधिक महत्वपूर्ण न्यायिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र माना जाता है, जहाँ स्वाभाविक रूप से सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च स्तर की अपेक्षित होती है। घटना की एफआईआर दर्ज हो चुकी है, किन्तु आज तक कोई ऐसी ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है जिससे नागरिकों को यह विश्वास हो सके कि अपराधियों तक कानून की पहुंच बन रही है। जब अपराधी यह महसूस करने लगा कि शहर के मध्य, कोतवाली के सामने और न्यायालय परिसर के समीप भी अपराध करके बचा जा सकता है, तब यह केवल एक चोरी की घटना नहीं रह जाती, बल्कि कानून-व्यवस्था के प्रति अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस का संकेत बन जाती है। चोरी की इस घटना से लगभग एक सप्ताह पूर्व, इसी क्षेत्र स्थित धनश्री ट्रेडर्स के संचालक नीरज तायल द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति के वाहन का दरवाजा तोड़ने एवं प्रतिष्ठान के बाहर रखी सामग्री को क्षति पहुंचाने की घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी। उक्त घटना सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड भी हुई थी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त बढ़ाने का आश्वासन दिया गया, किन्तु कुछ ही दिनों बाद उसी क्षेत्र में यह बड़ी चोरी की घटना घटित हो गई।

# मोटरसाइकिल एवं ट्रैक्टर चोरी गिरोह का पदार्फाश, 10 बाइक व ट्रैक्टर बरामद

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले के पटना पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए लंबे समय से सक्रिय अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के मास्टरमाइंड सहित कई आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 10 मोटरसाइकिलें एवं एक महिन्द्रा ट्रैक्टर बरामद किया है। थाना पटना में दर्ज अपराध क्रमांक 149/2026, 153/2026, 157/2026, 158/2026 एवं 159/2026 सहित अन्य प्रकरणों की विवेचना के दौरान लगातार वाहन चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। विवेचना एवं मुखबीर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी सूर्यकांत राजवाड़े को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में संगठित वाहन चोरी



गिरोह का खुलासा हुआ। आरोपी मास्टर चाबी की मदद से विभिन्न क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चोरी करता था। चोरी के बाद वाहनों के नंबर प्लेट, पैनल, बैटरी एवं अन्य पहचान योग्य हिस्सों को बदलकर या हटाकर ग्रामीण क्षेत्रों में कम कीमत पर बेच दिया जाता था अथवा किराए पर चलाने के लिए दिया जाता था। पुलिस ने आरोपी एवं उसके सहयोगियों पवन प्रजापति, गिरजा सूर्यवंशी एवं जमील अंसारी के कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी की गई मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बरामद वाहनों में एचएफ डीलक्स, होंडा शाइन, प्लैटिना, राइडर एवं यामाहा आर-15 सहित अन्य बाइक शामिल हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी सूर्यकांत राजवाड़े ने 28 मार्च की रात ग्राम कुचला निवासी तरुण कुमार सोलंकी के घर से करीब 7.50 लाख रूपए कीमत का महिन्द्रा ट्रैक्टर चोरी किया था। उक्त ट्रैक्टर को आरोपी ने अपने रिश्तेदार ईश्वर प्रसाद निवासी बरौल, जिला सूरजपुर के यहां छिपाकर रखा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर भी बरामद कर लिया।

# युवती की आत्महत्या के मामले में विवाहित प्रेमी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

26 मई के रात्रि में थाना कुनकुरी क्षेत्र की एक 22 वर्षीय युवती थाना कुनकुरी के पास स्थित वायरलेस टॉवर में करीब 70 फीट की ऊंचाई तक चढ़कर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। युवती की मृत्यु के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। इस मामले में पुलिस ने युवती के विवाहित प्रेमी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार मामले में दण्डाधिकारी से जांच के बाद युवती के शव का डॉक्टरों की टीम से पीएम कराया गया। जांच के दौरान मृतका के मोबाइल नंबर के कॉल डिटेल रिकार्ड का अवलोकन अध्ययन किए जाने पर पाया गया कि मृतका के 3 अलग-अलग मोबाईल नम्बरों का घटना समय दिनांक समय में कई बार बातचीत हुई है उक्त नम्बरों के धारकों को तलब कर पूछताछ की गई तथा सम्पूर्ण जांच पर पाया गया कि मृतका अपने मृत्यु से पूर्व अपने 2 अलग-अलग परिचितों को रविशंकर राम से हुई घटना के बारे में बतायी थी। जांच में आरोपी रविशंकर राम की घटना में संलिप्तता पाये जाने पर उसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि 25 मई की शाम लगभग 4 बजे वह उक्त युवती को बाइक से बस स्टैण्ड कुनकुरी से अपने साथ लेकर अपने घर तरफ ले गया था, साथ में रखे रहा और उसे बोला कि तुमको पसंद नहीं करता हूं, टाईमपास के लिये मोबाईल में बातचीत करता था मैं शादीशुदा हूँ दो बच्चे का बाप हूं कहा था तब दोनों में इसी बात को लेकर लडाई झगडा हुआ तो युवती उसे बोली कि तुम मुझे नहीं रखोगे तो आत्महत्या कर लूंगी। युवती के यह करने पर रविशंकर राम



### कानून के ऊपर कोई नहीं: एसएसपी

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. लाल उमेद सिंह ने कहा कि- मामले की निष्पक्ष जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रविशंकर राम को गिरफ्तार किया गया है। कानून से ऊपर कोई नहीं है।

ने उसे आत्महत्या कर ले कहा, फिर भी मैं तुझे अपने साथ नहीं रखूंगा कहकर बोलने लगा। इसी दौरान रविशंकर की पत्नि अपने भतीजा के साथ पहुंची अपने पति को किसी और लड़की के साथ देखकर दोनों पति-पत्नि में काफी विवाद हुआ और समाज में मीटिंग रखेगे कहकर बोलकर वहां से चली गई। युवती काफी दुःखी थी और 26 मई के रात्रि में उक्त युवती गुप्त रीति से थाना कुनकुरी परिसर में प्रवेश कर थाना के पास लगे हुए वायरलेस टावर में चढ़कर अपने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बजाज पल्सर मोटर सायकल एवं उसका मोबाईल फोन को जब्त किया गया है। आरोपी रविशंकर राम के द्वारा धारा 108 बीएनएस का अपराध घटित करना पाये जाने पर उसे दिनांक 4 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर अमृत सरोवर स्थल पर विभिन्न गतिविधियां

# पर्यावरण की सुरक्षा के साथ हरियाली बढ़ाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।

5 जून को जिले के सभी 162 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया और इन ग्राम सभाओं में स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाते हुए सभी तरह के कचरे का व्यवस्थित पृथक्करण और सुरक्षित निपटान किए जाने के बारे में जन जागरूकता के लिए संवाद किया गया। साथ ही आज पूरे जिले के पचास से अधिक अमृत सरोवर तटों पर साफ सफाई और पौधारोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण की सुरक्षा पर संकल्प पारित किए गए। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव




के निर्देशन में 5 जून को जिले की लगभग सभी ग्राम पंचायत में साफ-सफाई तथा पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया साथ ही जल के संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन पर संवाद किया गया। इसके साथ ही सभी अमृत सरोवर स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण और जल स्त्रोतों के सतत प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए उसके आसपास के क्षेत्रों में सफाई एवं रख-रखाव अभियान, भू-जल पुनर्भरण के साथ जैव विविधता संरक्षण की अनिवार्यता से जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### एक पेड़ मां के नाम

हरियाली के संकल्प को दोहराते हुए 5 जून को पंचायत पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम अधिकारी प्रतीक जायसवाल और जितेन्द्र सिंह ने ग्राम पंचायत सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ अमृत सरोवर तटों पर पौधरोपण किया। ग्राम पंचायत किशोरी, आमापारा, साजापानी सहित 40 से अधिक सरोवर तटों पर अनेक पंचायत प्रतिनिधियों ने पहले तट के किनारे स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया और उसके बाद सभी ने एक पेड़ मां के नाम पर रोपड़ कर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। ग्राम पंचायतों में, ग्राम सभाओं में और ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यस्थलों पर उपस्थित ग्रामीणों को आगामी एक जुलाई से लागू होने जा रही वीबी जीरामजी के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। विदित हो कि मनरेगा के उन्नत स्वरूप में लागू की जा रही वीबी जीरामजी योजना अब श्रमिकों को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिन का अकुशल रोजगार उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि गण, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा उपस्थित रहे।

### कृषि ऋण आउटरीच कैम्प आज

**बैकुण्ठपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 6 जून को देशव्यापी कृषि ऋण आउटरीच कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में जिला कोरिया में बैंक की सभी पांच शाखाओं बैकुंठपुर, सरडी, पाण्डवपारा, रजौली एवं सोनहत द्वारा कृषि ऋण आउटरीच कैम्प आयोजित किए जाएंगे। कैम्प के माध्यम से किसानों एवं ग्रामीण उद्यमियों को विभिन्न कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों से जुड़ी ऋण योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### खेलो इंडिया योजना के तहत कल होगी साइकिल रैली

**बिश्रामपुर।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश तथा कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत 7 जून को साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली स्वास्थ्य, फिटनेस एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का संदेश लेकर निकलेगी। रैली का शुभारंभ खेलो इंडिया सेंटर फुटबॉल ग्राउंड, हर्राटिकरा से होगा तथा समापन स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल बिश्रामपुर में किया जाएगा। आयोजन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बालक एवं बालिका को 2 हजार रुपए, द्वितीय स्थान पर 15 सौ रुपए तथा तृतीय स्थान पर 1 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त चतुर्थ से दसवें स्थान तक के प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को नियमित साइकिलिंग के लिए प्रेरित करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा प्रदूषणमुक्त एवं हरित पर्यावरण के निर्माण के प्रति जागरूक करना है।

### गौरीशंकर मंदिर में 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा हुई आरम्भ

**बिश्रामपुर।** नगर के गौरीशंकर मंदिर में 5 से 11 जून तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुरू हो गया है, सात दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक महोत्सव में श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत के दिव्य प्रसंगों का रसपान कराने के साथ-साथ भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संदेश दिया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुजनों द्वारा नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इस संगीतमय भागवत कथा में श्रीधाम वृंदावन से पधारी कथावायिका दीप्ति नौनरल अपनी वाणी से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भक्तों के कल्याण, धर्म की स्थापना और जीवन के आध्यात्मिक मूल्यों पर प्रकाश डालेंगी। वहीं दास योगीराज जी महाराज सहायक कथावाचक के रूप में कथा को और अधिक प्रभावशाली बनाएंगे। धार्मिक आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन, संकीर्तन एवं विविध आध्यात्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण निर्मित होगा।

### प्रधानमंत्री के सफल कार्यकाल के 12 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में हुई बैठक

**रामानुजगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल कार्यकाल के 12 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में तथा आत्मनिर्भर मंडल के संकल्प को सिद्ध करने हेतु भाजपा मंडल महावीरगंज की कार्यसमिति बैठक दुर्गा मंडप, ग्राम पंचायत गम्हरिया में उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुई। बैठक में आगामी संगठनात्मक योजनाओं, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का कुशल मार्गदर्शन मंडल प्रभारी दीनानाथ यादव एवं सह प्रभारी अश्विनी गुप्ता द्वारा किया गया। महावीरगंज भाजपा मंडल ने सफल और उद्देश्यपूर्ण बनाने के लिए उपस्थित सभी अतिथि, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान जयप्रकाश गुप्ता, सुनील तिवारी, मुंशीराम शांडिल्य, मेहीलाल आयम,मो.महबूब आलम, नारद यादव, अनोज यादव, सुनील सिंह, ललन कुमार गुप्ता, आनन्द यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने किया ग्राम पंचायत सेमरा खेल मैदान का भूमि पूजन



**कुसमी।** जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत एवं उपाध्यक्ष अशोक सोनी सहित भाजपा के पदाधिकारियों की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सेमरा के ऊपर सेमरा में 7 लाख रुपए की राशि से खेल मैदान का समतलीकरण कराने भूमि पूजन किया गया। जनपद चुनाव के समय जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत द्वारा घोषणा की थी। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत एवं उपाध्यक्ष अशोक सोनी ने कहा कि खेल मैदान हेतु 7 लाख रुपए की राशि की स्वीकृति जनपद अध्यक्ष मद से हुई है। खेल मैदान में आस पास के युवा, बच्चे अपने खेल का प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने युवा एवं बच्चों को गांव, जनपद,जिला एवं प्रदेश का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दी। युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल खेलने से मन हमेशा स्वस्थ रहता है साथ ही मन एवं मस्तिष्क का दोनों का विकास होता है। केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार द्वारा सभी के लिए अनेकों प्रकार से जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं,आप सभी लोग जागरूक होकर इसका लाभ उठाए। जनपद अध्यक्ष बसंती भगत ने कहा कि जब चुनाव के समय आप लोगों द्वारा इस खेल मैदान का समतलीकरण कराने का मांग किया था, जिसको आज पूरी कर रही हूं। साथ ही प्राकृतिक रूप से अपनी संस्कृति को बचाते हुए जैविक खाद का उपयोग कर जैविक खेती करने की बात कही। इस दौरान उमेश्वर ओझा, शशि टोप्पो, विनोद गुप्ता, राकेश भारती, राजेश्वर गुप्ता, देव साय भगत, पारस पाल, सदानंद कुशवाहा, जनक नाग, प्रहलाद राम, बिलासो बाई, बृज पैकरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

पानी निकासी के साधन नहीं होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

# ग्राम पंचायत दहेजवार चौक के समीप स्टेट हाईवे की सड़क नाली के अभाव में जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

**खास बातें**

- दुर्गंध व गंदा पानी के बीच राहगीर आवागमन करने को मजबूर
- क्षेत्र के लोगों ने की नाली निर्माण कराने की मांग

नगर सीमा से लगे ग्राम पंचायत दहेजवार हिंदू चौक के समीप आसपास घरों से निकलने वाले गंदा पानी सड़क पर बहने से न सिर्फ राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी है बल्कि स्टेट हाईवे की मुख्य मार्ग लगातार पानी बहने से क्षतिग्रस्त हो गई है। एक ओर जहां लोग दुर्गंध से परेशान है वहीं दूसरी ओर जर्जर सड़क के कारण हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने पानी निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग नहीं की है बावजूद इसके इस ओर ध्यान नहीं देने से लोग जर्जर व दुर्गंध के बीच आवागमन करने को मजबूर है।



सड़क पर बहता गंदा पानी।

जिले के सबसे बड़े ग्राम पंचायत दहेजवार जो जिला मुख्यालय के नगर सीमा से लगा हुआ है। मुख्यालय से निकलने वाली स्टेट हाईवे इसी पंचायत से होकर आगे जाती है। पंचायत के हिंदू चौक के पास सड़क किनारे रहने वाले लोगों के घरों का गंदा पानी निकालने की वजह से स्टेट हाईवे के सड़क पूरी तरह से खराब हो गई है। ऐसे में मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के बीच गंदा पानी एकत्र होने तथा पानी की वजह से गड्ढे हो जाने पर राहगीर न सिर्फ दुर्घटना के शिकार हो रहे बल्कि सड़कों पर पानी भर जाने की स्थिति में लोग सड़क के एक किनारे से आना-जाना करते जिससे आमने-सामने वाहनों टक्कर हो जाने संभावना बनी रहती है। इसके अलावा लोगों को घर से निकलने वाले गंदा पानी की बदबू से परेशानी होती है। गमी के इस मौसम में बीमारियों का संक्रमण खतरा बना हुआ है। पंचायत के लोगों द्वारा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पंचायत स्तर से लेकर के जिला स्तर पर मांग किया है लेकिन कई साल बीत गए परंतु व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो सका। व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने के वजह से सड़क की स्थिति दिनो दिन और भी दयनीय होती जा रही है। ऐसे में समय रहते पानी निकासी के लिए नाली निर्माण नहीं किया गया तो सड़क की स्थित और भी खराब हो सकती है।

**निर्देश का नहीं हो रहा पालन**

कुछ दिनों पूर्व ही सुप्रीम कोर्ट के निर्देश अनुसार सड़कों पर कचरा फेंकने, गंदा पानी बहाने, सड़कों पर अनाधिकृत अतिक्रमण करने के अलावा सड़कों पर नियम विरुद्ध किसी भी प्रकार के कार्य करने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की सकती है। लेकिन इस पंचायत में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। घरों का गंदा पानी सड़कों पर बढ़ाया जा रहा है लेकिन ग्राम पंचायत सहित जनपद पंचायत के आला अधिकारियों तक इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसका खामियाजा ग्राम पंचायत के लोगों को भुगतना पड़ रह है।

**जनप्रतिधि एवं अधिकारी मार्ग से करते है आवागमन**

स्टेट हाईवे हिन्दू चौक के समीप जहां पर यह गंदा पानी सड़क पर बहती है वहां पर जनपद स्तर से लेकर के जिला स्तर के जनप्रतिनिधि का निवास है। इसके अलावा इसी आसपास जनपद से लेकर के जिला स्तर के अधिकारियों का भी निवास है और इसी मार्ग से कई आला अधिकारी गुजरते भी हैं। हैरानी की बात यह है कि किसी ने भी घरों से निकलने वाले गंदा पानी को सड़क पर बहाने से मना करना मुनासिब नहीं समझा और न ही संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई।

**जनपद सीईओ से हुई है चर्चा**

मुख्य मार्ग किनारे नाली की व्यवस्था नहीं है। लोगों की मजबूरी के कारण सड़क पर पानी बहाते है। जनपद सीईओ से बात हुई है। विधायक मद की 7.30 लाख की राशि से यहां जल्द ही पानी निकासी के लिए नाली निर्माण किया जाएगा। घरों से निकलने वाले पानी को नाली में डिस्पैच की जाएगी जिससे लोगों की परेशानी दूर हो जाएगी और सड़क भी खराब नहीं होगा।

-दीपक गुप्ता, जनपद सदस्य

---



## एसडीएम के आश्वासन पर प्रतीक्षा बस स्टैंड के व्यापारियों ने समाप्त किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर पंचायत के सीएमओ रविन्द्र लाल पर बस स्टैंड व्यवसायियों द्वारा लगाए गए दुर्व्यवहार और मानसिक प्रताड़ना के आरोपों को लेकर चल रहा आंदोलन शुक्रवार को एसडीएम के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया।

व्यवसायियों ने गुरुवार को सुशासन तिहार शिविर में प्रभारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया था कि सीएमओ द्वारा उनके साथ लगातार दुर्व्यवहार किया जा रहा है और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके विरोध में उन्होंने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की थी। घोषणा के अनुसार शुक्रवार की सुबह से ही प्रतीक्षा बस स्टैंड की सभी दुकानें बंद रहीं, जिससे यात्रियों और स्थानीय नागरिकों को आवश्यक खाद्य सामग्री के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ा। करीब तीन घंटे चले आंदोलन के बाद मौके पर एसडीएम देवेंद्र प्रधान एवं नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर पहुंचे और व्यवसायियों से चर्चा की। बातचीत के दौरान एसडीएम ने मामले की जांच कराने तथा भविष्य में ऐसी किसी भी स्थिति की पुनरावृत्ति नहीं होने का आश्वासन दिया। एसडीएम के आश्वासन के बाद व्यवसायियों ने अपना आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया। हालांकि शुक्रवार को बस स्टैंड की दुकानें पूर्णतः बंद रहीं और अगले दिन से सामान्य रूप से संचालन शुरू करने की बात कही गई। इस दौरान विश्वास कुमार गुप्ता, राहुल भारती, अशोक कश्यप, बबलू यादव, अंकुर सोनी, मुन्ना गुप्ता, बबलू केशरी, सत्येंद्र कश्यप, लवकुश सोनी, संदीप गुप्ता, हरीश गुप्ता, विकास ठाकुर, राजेश यादव, नंदलाल सोनी, विक्रम गुप्ता सहित बस स्टैंड के कई व्यवसायी उपस्थित रहे।

---



## जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में सरगुजा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, जीते 3 रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ओडिशा के खोरधा स्थित केटी ग्लोबल स्कूल में आयोजित जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में सरगुजा किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

खोरधा स्थित केटी ग्लोबल स्कूल में 30 मई से 3 जून तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 800 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जबकि 50 से अधिक तकनीकी अधिकारियों एवं रेफरियों ने प्रतियोगिता का सफल संचालन किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से 30 से अधिक खिलाड़ी एवं 8 से अधिक अधिकारी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ दल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 12 रजत एवं 11 कांस्य पदक सहित कुल 28 पदक अपने नाम किए। सरगुजा के खिलाड़ी शौर्य वर्धन सिंह रजत पदक, संगीता सिंह 2 रजत पदक, आयुष सारथी एवं नुपूर शांल्डिय ने शानदार प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों को कोच सरवर एक्का के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता के लिए तैयार किया गया। खिलाड़ियों की उपलब्धि से जिले के खेल जगत में खुशी का माहौल है तथा जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष चगन लाल मुंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, सचिव आकाश गुरुदीवान एवं कोषाध्यक्ष प्रभात साहू ने खिलाड़ियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं सरगुजा जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष दीपक सूर्यवंशी, सचिव सरवर एक्का, कोषाध्यक्ष वर्षा गुप्ता, संयुक्त सचिव नितिन श्रीवास्तव तथा सदस्य स्वाति राजवाड़े, लकी ठाकुर, गन्नू खत्री, खेलावन दास, सोनिया सिंह एवं अमन जेनिश लकड़ा ने भी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर खुशी जाहिर किया। सभी पदाधिकारियों ने कहा कि सरगुजा के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं, जो आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

---

## एसईसीएल ने खदान प्रभावित केतका गांव में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की केतकी भूमिगत खदान के अंतर्गत ग्राम केतका में शुक्रवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,शिविर का आयोजन केंद्रीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ यूएस बैठा के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पीके शर्मा,सब एरिया मैनेजर भी उपस्थित रहे,शिविर का संचालन केंद्रीय चिकित्सालय, एसईसीएल बिश्रामपुर के चिकित्सकों डॉ सत्यपाल, डॉ हरिकेश एवं डॉ शुभांगी द्वारा किया गया। शिविर के दौरान ग्रामीणों को भीषण गर्मी एवं लू (हीट वेव) से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ओआरएस पाउडर एवं थर्मामीटर का निःशुल्क वितरण किया गया। चिकित्सा दल द्वारा ग्रामीणों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तचाप की जांच की गई, शिविर में काफी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया,जांच के उपरांत जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया,चिकित्सकों ने गंभीर रूप से बीमार पाए गए मरीजों को बेहतर उपचार के लिए उच्च चिकित्सा केंद्रों में रेफर किया।



---

**न्यायालय नायब तहसीलदार रघुनाथपुर, जिला सरगुजा छ.ग.**

प्रकरण/आर.डी क्रमांक/202601022300028/ब-121/2025-26

पक्षकार भावना राय पति श्री देवा प्रदीप रॉय प्रति छ.ग. शासन

**प्रस्तावित नक्शा बंटाकन का प्रकाशन**

एतद् सर्व साधारण ग्राम सुमरेपुर को सूचित किया जाता है कि हल्का पटवारी के द्वारा ग्राम सुमेरपुर स्थित खाते की भूमि ख.न.316/13 रकबा 1.979 हे. भूमि खातेदार भावना राय पति श्री देवा प्रदीप राय, जाति ब्राम्हण निवासी फुन्दूलडिहारी बनारस रोड अम्बिकापुर में हल्का पटवारी के द्वारा नक्शा बंटाकन किये जाने हेतु लाल स्याही से चिन्हांकित कर प्रस्तावित नक्शा टुकड़ा पेश किया है। हल्का पटवारी के द्वारा प्रस्तावित नक्शा टुकड़ा से जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई आक्षेप हो तो अपना आक्षेप/आपत्ति दिनांक 11/06/2026 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं तदानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 25/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से अंकित कर जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
उप तहसील रघुनाथपुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)

---

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं सुनिला मिंज (SUNILA MINJ) आ.फ्रांसिस मिंज उम्र लगभग-48 वर्ष, निवासी वार्ड नं.-16 आकाशवाणी चौक के पास उर्सुलाईन कॉन्वेंट अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरा वास्तविक नाम सुनिला मिंज (SUNILA MINJ) है, तथा मेरा नाम 10वीं की अंकसूची में त्रुटिवश सुनलई मिंज (SUNLAI MINJ) दर्ज हो गया है, जो गलत है। तथा मुझे सुनिला मिंज (SUNILA MINJ) के नाम से जाना एवं पहचाना जाता है। तथा सभी संबंधित प्रमाण पत्रों में मेरा नाम सुनिला मिंज (SUNILA MINJ) दर्ज है जो सत्य एवं सही है। उक्त दोनों नाम सुनिला मिंज (SUNILA MINJ) एवं सुनलई मिंज (SUNLAI MINJ) दोनों नाम एक ही महिला का अर्थात स्वयं मेरा नाम है। किन्तु मेरा वास्तविक नाम सुनिला मिंज (SUNILA MINJ) है जो सत्य एवं सही है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
सुनिला मिंज
आ. फ्रांसिस मिंज
निवासी- वार्ड नं.-16 आकाशवाणी चौक के पास उर्सुलाईन कॉन्वेंट अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.

---

**न्यायालय तहसीलदार कुसमी, तहसील कुसमी जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

क्रमांक/2247/ वाचक-2/ तह./2026 कुसमी दिनांक 25/05/2026

**:: ईश्तहार::**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम कुसमी तहसील कुसमी को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार पिता रावेल कुजूर जाति उरांव निवासी ग्राम शाहपुर तहसील कुसमी जिला बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.) द्वारा ग्राम कुसमी में स्थित केश्वर एवं सस्तु के भूमि स्वामी हक की भूमि ख.क्र. 1837/1 कुल रकबा 0.113 हे. में से रकबा 0.032 हे. भूमि दिनांक 01/01/2022 को विक्रय विलेख पत्र के माध्यम से क्रय किया गया है। उपरोक्त विक्रय विलेख पत्र के आधार पर न्यायालय के रा.प्र.क्र. 76/अ-6/2022-23 ई.सी. 202306270500013 में पारित आदेश दिनांक 15/02/2024 के अनुसार ख.क्र. 1837/1 में से रकबा 0.032 है. भूमि आवेदक के नाम पर नामान्तरण हो चुका है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में उक्त वाद भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज नहीं है। आवेदक द्वारा वाद भूमि अपने नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत गया है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने किसी वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 10/06/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/05/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
कुसमी
जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)

---

TOP IN SURGUJA

COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
(एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध | छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2026-27
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
विद्यासागर छात्रवृत्ति अधिकतम 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़ 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ 9826183771

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 9424250281 | 8120906000 | 8120809000
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल, सुरक्षित प्रसव सुविधा, बांझपन परामर्श एवं उपचार, पीसीओडी/पीसीओएस उपचार, महिला रोगों की जांच व इलाज, सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं, डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान!
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY) LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हमारी सेवाएं | सर्जरी सेवाएं: बवासीर (Piles), फिस्टुला (Fistula), फिशर (Fissure), हाइड्रोसील (Hydrocele), अपेंडिक्स (Appendix)
बड़ी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ.आशु जैन MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 07 जून, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल | सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर | गायत्री हॉस्पिटल
सिर, कमर, हाथ, पैर में दर्द, सिर की चोट (हेड इन्जुरी), रीढ़ की हड्डी की चोट, ब्रेन ट्यूमर, स्पाईनल ट्यूमर, बच्चों में बड़ा सिर (हाइड्रोसिफेल), पीठ में फोड़ा (मैनिनगोसील), माइक्रो एण्डोस्कोपी, लकवा, सियाटिका, स्लिप डिस्क आदि का ईलाज

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870 समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ विकास अग्रवाल Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 06 जून 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह पेट और आंत रोग विशेषज्ञ हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल पेट और आंत रोग विशेषज्ञ हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी स्पाइन और ब्रेन सर्जरी हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. तुषार जैन M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ) एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 14 जून 2026, रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

प्रसिद्ध मनोरोग, नशा मुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ आपके शहर अंबिकापुर में उपलब्ध
डॉ. निशांत कुमार साहू एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग) मद्रास मेडिकल कॉलेज (चेन्नई)
मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
उपलब्ध उपचार | माह के प्रथम रविवार 07 जून को अंबिकापुर में उपलब्ध
उदासी, चिन्ता, घबराहट, डर, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, निंद की कमी, उन्माद, आत्महत्या के विचार, पागलपन, अजीब अभास या सोच, शक करना, किसी काम में मन न लगना, सिरदर्द, असामान्य दर्द, मिर्गी या झटका, बच्चों में चंचलता, बच्चों एवं बुजुर्गों में याददास्त की कमी, मंदबुद्धि, सेक्स समस्या, शराब एवं अन्य नशों की लत।
एस.आर.एस. हॉस्पिटल, जिला हॉस्पिटल रोड, अंबिकापुर 7987779819, 7880289133

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप




### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विधायक सहित ग्रामीणों ने किया पौधरोपण

**सीतापुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बैफ डेवलपमेंट रिसर्च फाउंडेशन द्वारा हाई इंपेक्ट मेगा वाटरशेड प्रोजेक्ट के तहत विधायक रामकुमार टोप्पो के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक रामकुमार टोप्पो, जनपद उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल समेत ग्राम पंचायत के सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने विभिन्न प्रजाति के फलदार पौधे रोपे। इस अवसर पर विधायक राम कुमार टोप्पो ने कहा कि आज जितनी तेजी से पर्यावरण प्रदूषित होता जा रहा है उसे देखते हुए पर्याप्त मात्रा में पौधारोपण नही किया जा रहा है जिससे प्रकृति का संतुलन डगमगा गया है।आज विश्व पर्यावरण दिवस पर है सभी को यह वचन लेना है कि जितना ज्यादा हो सके पेड़ लगाए ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। जनपद उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि कालातीत में इंसान द्वारा पेड़ पौधों को बहुत नुकसान पहुंचाया गया है। जिसका खामियाजा आज सभी को भुगतना पड़ रहा है। जिस तेजी से ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रहा है वह भविष्य के लिए बहुत घातक साबित होगा। इस दौरान जामुन, सीताफल, काजू, आम, महुआ एवं आंवला प्रजाति के पौधे लगाए गए। इस संबंध में बैफ सीएसओ आभाष सिंह ने बताया कि हमारे द्वारा ढेकीड़ोली, एरंड, भारतपुर, बेलजोरा, आमाटोली, पेटला, रजौटी गांवों में अभियान के तहत पौधरोपण किया गया है। इस अवसर पर मानस राउत, पारस, प्रीतम, सीता दास, इकबाल अहमद, राजेश कुमार,राजेश यादव, राजकुमार गुप्ता,विंध्येश्वरी पैंकरा, सुनील गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, विजय गुप्ता सहित सरपंच, पंच एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### महिला की संदिग्ध हालत में मौत पुलिस ने किया मर्ग कायम

**अम्बिकापुर।** देर रात बैचेनी लगने तथा झोला छाप डॉक्टर से उपचार कराने के पश्चात गंभीर हुई महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा निवासी सुषमा नायक पति प्रवीण (39 वर्ष) बीती रात भोजन कर जमीन में बेटा के साथ सोई थी। इसी दौरान देर रात अचानक उठी और बेटा मयंक को बताई की कोई कीड़ा काट लिया है और बेचैनी लग रहा है। महिला की अचानक तबीयत खराब हो जाने पर परिजन दरिमा स्थित झोला छाप डॉक्टर एमसी सिकदार के पास लेकर गए। जहां इलाज कराने के बाद महिला की तबीयत और भी बिगड़ गई जिस पर परिजन उसे दरिमा स्थित मिश्रा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केंद्र लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन क के सुपुर्द किया है।

## हेल्थ/ बिजनेस प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**अम्बिकापुर।** नगर के दर्रीपारा में संचालित विद्या डायग्नोस्टिक एवं सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 7 जून रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉ. संजीत जायसवाल (इंडोक्राइन विशेषज्ञ) द्वारा शुगर, थायराइड, मोटापा एवं हार्मोन संबंधित जांच की जाएगी।




संचालक डॉ. विवेक कुमार केशरी (रेडियोलॉजिस्ट) ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा एवं हमारे यहां सोनोग्राफी, सिटी स्कैन, एक्स-रे, कलर डॉपलर, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है।

### नीट की तैयारी में भिलाई का बढ़ता डंका दे रहा है चिकित्सा के सपनों को उड़ान

**अम्बिकापुर।** इम्पैक्ट स्टडी जोन भिलाई छत्तीसगढ़ के प्रमुख कोचिंग संस्थानों में से एक है जो मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में छात्रों को सफलता के नए आयाम दे रहा है। अपने उत्कृष्ट शिक्षण तरीकों और समर्पित मार्गदर्शन से यह संस्थान क्षेत्र के छात्रों के लिए चिकित्सा शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। चिकित्सा शिक्षा में भिलाई की भूमिका छत्तीसगढ़ का शिक्षा और औद्योगिक हब माना जाने वाला भिलाई शहर, अब इंजीनियरिंग के साथ-साथ मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी के लिए भी राज्य के बेहतरीन केंद्रों के रूप में उभर रहा है। भिलाई के उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल और अनुशासित अध्ययन प्रणाली के कारण, यहाँ के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बदलाव में इम्पैक्ट स्टडी ज़ोन एक अहम भूमिका ने निभाई है। संस्थान में अनुभवी और विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम है जो छात्रों को पाठ्यक्रम का गहन अध्ययन करवाते हैं। इससे छात्रों की वैचारिक स्पष्टता मजबूत होती है।

## रोपे गए विभिन्न फलदार पौधे, संरक्षण का लिया गया संकल्प

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हरीतिमा परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



पौध रोपण करते अधिकारी-कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन परिक्षेत्र राजपुर अंतर्गत हरीतिमा परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, वन विभाग के कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया।

**खास बात**
- हर वर्ष कम से एक पौधा लगाने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने शपथ लेकर लगाए गए पौधों की देखरेख एवं संरक्षण करने का संकल्प लिया। साथ ही हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जागरूकता फैलाने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मातृ सम्मान और प्रकृति संरक्षण का संदेश देने वाला अभियान है।

भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पौध रोपण से न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण भी मिलेगा। उन्होंने युवाओं से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की बात कही। एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शासन, प्रशासन और वन विभाग के संयुक्त प्रयास से यह पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कहा कि वे एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाएं। उपवन मंडल अधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि विभाग द्वारा प्रतिवर्ष पौध रोपण कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं।

इस वर्ष भी विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा किया गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय वर्मा ने कहा कि माता-पिता का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है और एक पेड़ मां के नाम अभियान उसी भावना को समर्पित है। उन्होंने बताया कि वैदिक महत्व बरगद, पीपल, एवं विलुप्त हो रही हर्रा, चार का उपयोग एवं प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। इस दौरान शिवनाथ जायसवाल, धरम सिंह, रवि प्रताप मरावी, संतोष तिवारी, बबलू यादव, महेंद्र गुप्ता, संदीप सोनी, राजेश यादव, प्रशांत सिंह, सुनील गुप्ता, कावेरी मुखर्जी, नरेंद्र कुमार कंवर, सुशील सिंह ठाकुर, अमित प्रताप सिंह, मालती माझी, सुदामा विश्वकर्मा, रंजीत मिंज सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मल्टीपरपज स्कूल में मनाया गया पर्यावरण दिवस

**अम्बिकापुर।** शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी गार्डन और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की गई और पौधरोपण किया गया। इस दौरान एनसीसी अधिकारी नवनीत त्रिपाठी ने कैडेट्स को पौधरोपण के महत्व, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने में एनसीसी कैडेट्स की भूमिका पर प्रकाश डाला।



प्राचार्य एडवर्ड टोप्पो ने कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस, रेडक्रॉस और स्काउट गाइड के स्वयंसेवक एनएसएस के अधिकारी प्रकाश एक्का, क्रीडा अधिकारी विकास सिंह, प्रधान पाठक आरपी सोनी, तजिंदर पाल सिंह अरोरा, संदीप कुजूर, सुरेश सोनकर एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

### पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी

केंद्रीय जेल की कल्याण अधिकारी बानी मुखर्जी ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि पर्यावरण की रक्षा केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का कर्तव्य है। आज बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक उपयोग के कारण प्रकृति पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। इसका प्रभाव हमारे स्वास्थ्य, मौसम और जीवन की गुणवत्ता पर दिखाई दे रहा है इसलिए हमें विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी समान ध्यान देना होगा। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए बड़े प्रयासों के साथ छोटे व्यक्तिगत कदम भी बहुत महत्वपूर्ण है। प्लास्टिक का कम उपयोग, पानी और बिजली की बचत, स्वच्छता बनाए रखना, कचरे का सही प्रबंधन ओर अधिक से अधिक पेड़ लगाना जैसे कार्य सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। हम सभी अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाएं तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है।



### विश्व पर्यावरण दिवस पर ऑटोमोटिव व्हीलर ट्रेनिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ऑटोमोटिव व्हीलर ट्रेनिंग सेंटर के विद्यार्थियों एवं सेंटर स्टाफ द्वारा वन मंडल जिला कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा समाज को अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर सीसीएफ, एसडीओ तथा रेंजर आशीष देवांगन ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराया तथा वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान संस्था के देवी शंकर दुबे, दिनेश सारथी, दिलीप, आयुष, डेविड, प्रहलाद, गीतांजलि सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### जिला संयुक्त कार्यालय परिसर में पौधरोपण कलेक्टर ने लीची का पौधा लगाकर दिया हरियाली का संदेश

**सूरजपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला संयुक्त कार्यालय परिसर में स्थित मैदान पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने परिसर में लीची के पौधे का रोपण किया तथा पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल के महत्व पर बल दिया।



उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराया जा सके। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने कहा कि बढ़ते तापमान एवं पर्यावरणीय असंतुलन को देखते हुए हम सभी को पर्यावरण के प्रति सजग एवं संवेदनशील होने की आवश्यकता है। पौधरोपण केवल एक दिवसीय आयोजन तक सीमित न रहे, बल्कि इसे जन-आंदोलन का स्वरूप देते हुए हर व्यक्ति को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधे तभी सार्थक होंगे जब उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखा जाए, इसलिए 'एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल करें की भावना को आत्मसात करना होगा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर एसएसपी ने पुलिस लाइन में किया पौधरोपण

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वृक्ष हमारे जीवन की मूलभूत आवश्यकता हैं। वे न केवल वायुमंडल को शुद्ध करते हैं, बल्कि जैव विविधता को भी संरक्षित रखते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल करें। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन, डीएसपी अनूप एक्का, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी सहित पुलिस अधिकारी व जवानों ने भी पौधे लगाए। इसके अलावा जिले के सभी थाना-चौकी में प्रभारियों, पुलिस अधिकारियों और जवानों ने भी कई प्रजाति के 500 से अधिक पौधारोपण किया।



### किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने किया पौधारोपण

**सोनगरा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम सोनगरा में पर्यावरण संरक्षण को लेकर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें किसानों, जनप्रतिनिधियों, सहकारिता विभाग के पदाधिकारियों, युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए हर व्यक्ति से पौधरोपण करने और उसकी देखभाल का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शरद चंद्र द्विवेदी ने किया। उन्होंने अशोक का पौधा रोपित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और प्राकृतिक संसाधनों का लगातार दोहन मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे समय में पौधरोपण केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि पृथ्वी और मानवता को सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें शुद्ध वायु, छाया, फल, जल संरक्षण और प्राकृतिक संतुलन प्रदान करते हैं। यदि आज हम प्रकृति की रक्षा नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को इसके गंभीर दुष्परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि मातृत्व और प्रकृति के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक भावनात्मक और सामाजिक संदेश भी है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करने की बात कही। इस अवसर पर सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला कोषाध्यक्ष श्याम प्रजापति, समिति अध्यक्ष भोला सिंह, भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य अनुराग द्विवेदी, समिति प्रबंधक तनवीर खान एवं समिति कर्मचारियों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस दौरान गिरधारी राजवाड़े, जनार्दन मिश्रा, चैतु प्रजापति, सिद्धार्थ मिश्रा सहित बड़ी संख्या में किसान,जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत मानपुर में किया गया पौधरोपण

**शंकरगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत मानपुर में 5 प्रतिशत मॉडल के तहत जल संरक्षण एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती चन्दन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत मानपुर में 5 प्रतिशत मॉडल के अंतर्गत जल संरक्षण एवं पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ वेद प्रकाश पाण्डेय,जनपद पंचायत शंकरगढ़ के बीपीएम, पीओ, टीए, बीएफटी व ग्राम पंचायत के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर फलदार, छायादार एवं औषधीय प्रजातियों के पौधे लगाए। साथ ही रोपे गए पौधों की सुरक्षा एवं जल संरक्षण कार्यों की देखभाल की जिम्मेदारी भी ग्रामीणों को सौंपी गई। ग्राम पंचायत द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



## अधूरी नाली सफाई ने बढ़ाई वार्डवासियों की मुश्किलें, दुर्गंध से लोगों का जीना हुआ मुहाल

**सीतापुर।** नाली सफाई के नाम पर आधे अधूरे काम ने वार्डवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी है। पानी निकासी के अभाव में बजबजाती नाली एवं वहां मौजूद गंदगी एवं दुर्गंध की वजह से लोगों का जीना मुहाल हो गया है।लोगों ने सफाई के नाम पर वार्ड में गंदगी फैलाने पर नाराजगी व्यक्त की है। सप्ताह भर से नाली एवं गंदगी की मार झेल रहे वार्डवासियों ने नगर पंचायत से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 3 जहां नेशनल हाईवे से सटे नाली में सप्ताह भर पहले नगर पंचायत द्वारा सफाई अभियान चलाया गया था। सफाई अभियान के दौरान कचरा बाहर निकालने के बाद नाली खुला छोड़ दिया गया। पानी निकासी के अभाव में बजबजाती नाली की वजह से वार्ड का माहौल दूषित होने लगा। बार बार अवगत कराने के बाद भी नगर पंचायत द्वारा इसकी सफाई नहीं कराई गई जिसकी वजह से वार्ड में गंदगी फैलने लगी और वार्डवासियों का जीना मुहाल हो गया। विगत एक सप्ताह से गंदगी की मार झेल रहे लोगों में नगर पंचायत की उदासीनता को लेकर काफी नाराजगी व्याप्त है। साथ ही नगर पंचायत से तत्काल इस समस्या को दूर करने नाली सफाई एवं कचरा उठाव की मांग की है जिससे वार्ड वासियों को गंदगी एवं बदबू से निजात मिल सके।



इस संबंध में सीएमओ ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि पूरे शहर में नाली सफाई अभियान शुरू की गई है। जिसकी वजह से कई जगह नालियों की सफाई पूरी तरह नहीं हो पाई है।जल्द ही सफाई कर्मियों को भेजकर सफाई करवा दी जाएगी।

## प्रशासन की संयुक्त टीम ने वनभूमि में बने 31 मकानों को ढहाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन परिक्षेत्र अंतर्गत अन्नपारा बीट के वनभूमि में अवैध अतिक्रमण कर निर्मित 31 मकानों को गुरूवार को जेसीबी से ढहा दिया गया। प्रशासन की सख्त कार्रवाई के बाद अवैध अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है।

- अतिक्रमणकारियों में हड़कंप

वनपरिक्षेत्र धमनी के अन्न पारा जंगल स्थित कक्ष क्रमांक पी953 स्थित संरक्षित जंगल की वनभूमि पर ग्राम गाजर के 34 परिवार मकान बनाकर लम्बे समय से निवास कर रहे थे। वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण करने वाले कुछ ग्रामीणों ने पूर्व में वनअधिकार पत्र के लिए भी आवेदन किया था लेकिन पात्रता नहीं होने के कारण समिति ने आवेदनों को निस्त कर दिया था। संरक्षित वन क्षेत्र होने के कारण वन अधिकारी पिछले एक साल से अतिक्रमण हटाने की कोशिशें कर रहे थे। विभाग द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1927 की धारा 80 के तहत विभाग द्वारा अंतिम नोटिस भी जारी की गई थी तथा वन अधिकारी अतिक्रमणकारियों को लगातार अतिक्रमण हटाने की सलाह दे रहे थे। उप वनमण्डलाधिकारी पीसी मिश्रा ने 1 जून को अतिक्रमणकारियों की बैठक लेकर घरों से उपयोगी सामग्रियों को निकालने की सलाह दी थी तथा प्रशासन द्वारा कभी भी अतिक्रमण हटाने की चेतावनी भी दी थी लेकिन अतिक्रमणकारियों पर सलाह का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। गुरूवार को वन, पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम 4 जेसीबी लेकर पहुंची एवं वनभूमि में बने 34 में से 31 मकानों को ढहाना प्रारंभ कर दिया। प्रारंभ में अतिक्रमणकारियों ने प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध करने की कोशिश की लेकिन बड़ी संख्या में पुलिस की मौजूदगी व प्रशासन की सख्ती को देखते हुए अतिक्रमणकारी शांत पड़ गए तथा आनन-फानन में घर के सामानों को निकालने में व्यस्त हो गए। प्रशासनिक कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। अवैध अतिक्रमण में बने मकानों को जेसीबी से ढहाकर 3.851 हेक्टेयर वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। विभाग ने बारिश के दौरान अतिक्रमणमुक्त वनभूमि में पौधरोपण कराने का निर्णय लिया है। उपवन मण्डलाधिकारी पीसी मिश्रा ने बताया कि 3 अतिक्रमणकारियों का प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। वनमण्डलाधिकारी आलोक वाजपेयी ने वन अधिकारियों को वन अपराध, अवैध अतिक्रमण, अवैध कटाई एवं चराई के मामले में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



### इनका ढहाया गया घर

प्रशासन की संयुक्त टीम ने वनभूमि में अवैध अतिक्रमण करने के मामले में रामदास पण्डो पिता रामपूत पण्डो के चार मकान, बृजमोहन पिता प्रसाद पण्डो, नूरे आलक पिता मोहम्मद्दीन, गुलाम मोहम्मद पिता मोहम्मद्दीन, तौहीद आलम पिता मोहम्मद्दीन, असहार पिता मोहम्मदीन, अलीराजा पिता अयूब अंसारी, उमर अली पिता अयूब अंसारी, साकिर अली पिता अयूब अंसारी, तैयब अंसारी पिता अलाउद्दीन, मोबिन अंसारी पिता अलाउद्दीन, सफीक अंसारी पिता अलाउद्दीन, अमीर हसन पिता कुतुबुद्दीन, अताउल्लाह पिता कुतुबुद्दीन, वकील अंसारी पिता युसुफ अंसारी, सकील अंसारी पिता युसुफ अंसारी, अब्दुल अंसारी पिता युसुफ अंसारी, कलाम अंसारी पिता युसुफ अंसारी, हसनैज अंसारी पिता इस्लाम अंसारी के घर को ढहाकर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया। वन अधिकारी अतिक्रमण मुक्त भूमि में शीघ्र पौधरोपण कराने की बात कर रहे हैं।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)/ डॉक्टर्स हाउस
इलाज में सबसे सस्ता, व्यवस्था में सबसे अच्छा
डॉ. मनीष चौरसिया M.S. (General Surgery), M. Ch. (Neuro Surgery)
डॉ. गौरी शंकर सिंह MBBS (AFMC) MD (Psychiatry) BHU मनोचिकित्सक विशेषज्ञ
डॉ. बी.बी. कुमार MBBS, MD (Medicine) FIPM, Fellowship in Rheumatology (John Hopkins USA), Consultant Rheumatologist
डॉ. निशांत कुमार साहू एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग) सलाहकार, श्री बालाजी हॉस्पिटल, रायपुर। मनोरोग रोग विशेषज्ञ
डॉ. सौरभ जैन MD, DM (Neurology) FNB (Interventional Neurologist) ब्रेन एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ
डॉ. आकाश गर्ग एमबीबीएस, डीएनबी (मेडिसिन) डीएनबी (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी) गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ
डॉ. निहार गुप्ता MD (Hematology), BMT Physician रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. के. एस. भाटिया MBBS, MD Internal Medicine, DM Cardiology, FSCAI सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
BLOOD BANK की सुविधा उपलब्ध
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँचकी सुविधा उपलब्ध
दिनांक: 07 जून 2026, माह के प्रथम रविवार
8224007799,7000619700